27 APRIL - janj BHOOMI-PG-01_Layout 1 4/27/2024 10:30 PM Page 1

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, रविवार, 28 अप्रैल 2024

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 41.0 डिग्री

न्यूनतम 26. 0 डिग्री

4 अधिकारियों ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण, दिए निर्देश



## खबर संक्षेप

### चन्दपुर सहायक राजस्व निरीक्षक को शासन ने किया निलंबित

**जांजगीर-चांपा।** नगर पंचायत चन्द्रपुर के 18 दुकानो की नीलामी कार्यवाही नहीं होने पर मासिक किराये पर देने का प्रयास करने एवं वर्ष 2015 से लेकर 2021 तक किराया की राशि जमा नहीं कराने व वसूली शिकायत प्राप्त होने के बाद कराई गयी प्रकरण को छिपाने के लिए ऐसा किया गया है जिसके लिए चंदराम साहू सहायक राजस्व निरीक्षक को उत्तरदायी पाये गये है। राज्य शासन एतद द्वारा चंदराम साहू सहायक राजस्व निरीक्षक नगर पंचायत चन्द्रपुर को छत्तीसगढ़ नगर पालिका कर्मचारी नियम 1968 के नियम 53 के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित करता है। निलंबन अवधि में साहू का मुख्यालय संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर नियत किया गयाहैं उन्हे नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

### अकलतरा विधानसभा क्षेत्र में सीएम की आमसभा आज

**जांजगीर-चांपा।** लोकसभा चुनाव के प्रचार को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की तीन जनसभाएं लगातार तीन दिनों तक जांजगीर चांपा लोकसभा क्षेत्र में होंगी। तय कार्यक्रम के मुताबिक मुख्यमंत्री रविवार 28 अप्रैल को उनका अकलतरा विधानसभा क्षेत्र में आगमन होगा। यहां के पहरिया में वे जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके पश्चात मंगलवार 30 अप्रैल को पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के शिवरीनारायण में आयोजित जनसभा में शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि देश भर में हो रहे लोकसभा चुनाव के तीसरे और अंतिम चरण में 7 मई को जांजगीर चांपा लोकसभा सीट पर मतदान होना है। इसको लेकर प्रचार प्रसार तेज हो गया है। पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सक्ती में कार्यक्रम आयोजित किया गया था, तो वहीं मुख्यमंत्री तीन दिनों तक जांजगीर चांपा लोकसभा के अलग अलग क्षेत्र में सभाएं लेंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आगमन को लेकर क्षेत्र के आमजन व कार्यकर्ताओ मे उत्साह का माहौल है। कार्यक्रम को लेकर पार्टी के नेताओ ने जनसभा के लिए उच्च स्तरीय तैयारी शुरू कर प्रभारियो को अलग अलग जवाबदारी दे दी है।

### ट्रेलर से कोयला निकाल कर बिक्री करने वाला चालक गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** रास्ते में ट्रेलर से कोयला को निकाल कर बिक्री करने वाले ट्रेलर चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामला बलौदा थाना का है। मिली जानकारी के अनुसार हरदी बाजार कोरबा निवासी सूर्यकांत श्रीवास के ट्रेलर क्रमांक सीजी 12 एयू7425 को पुलालीकला पोडी कोरबा निवासी ड्राइवर रविशंकर केंवट चलाता है। वह 14 अप्रैल को ट्रेलर में गेवरा खदान से गतौरा प्लांट के लिये कोयला लोड कर निकला था। उसने वाहन में आधा कोयला नहीं था। ड्राइवर का आसपास पता किया तो कहीं पता नहीं चला तब वह खुद वाहन को लेकर गतौरा प्लांट गया। अपने जीपीएस में चेक किया तो 15 अप्रैल की सुबह 6:07 मिनट पर ट्रेलर को ड्राइवर रविशंकर केंवट तकरीबन 6 मिनट तक ग्राम जुनाडीह में मेन रोड से आउट साईड पर ले जाकर खड़ा किया था। मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफतार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

### 17 लीटर महुआ शराब के साथ एक आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**सक्ती।** पुलिस अधिकारियों के निर्देशन पर इन दिनों अवैध शराब पर ताबडतोड़ कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत 17 लीटर महुआ शराब के साथ एक आरोपी को पुलिस ने पकड़ा। जानकारी के अनुसार ग्राम बस्ती बाराद्वार में ओमप्रकाश टंडन पिता पदूम लाल टंडन उम्र 33 वर्ष द्वारा शराब भंडारण की सूचना मिली। जहां पुलिस ने उसके कब्जे से 17 ली महुआ शराब बरामद किया गया। होने से 34(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर जेल निरुद्ध किया ।

## ट्रक की टक्कर से एक ही परिवार के 4 लोग काल कवलित, चक्काजाम

# बर्थडे के दिन ही गई मासूम की जान तीन अन्य सदस्यों की भी हुई मौत



थाना के सामने सड़क पर बैठकर चक्काजाम करती महिलाएं।



घटना स्थल पर पड़ी पिता पुत्र और नातिन की लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जन्मदिन के दिन ही एक बच्ची की सड़क हादसे में मौत हो गई। साथ ही परिवार के तीन अन्य सदस्यों की भी जान चली गई। भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक की ठोकर से बाइक सवार तीन लोगों की मौके पर ही जान चली गई। वहीं गंभीर रूप से घायल एक महिला ने बिलासपुर में दम तोड़ दिया। आक्रोशित ग्रामीणों ने घटना के बाद चक्का जाम कर दिया। वे मुआवजे की मांग को लेकर पूरे दिन सड़क पर डटे रहे। मामला मुलमुला थाना क्षेत्र के आरसमेटा का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कोनारगढ़ निवासी रामकुमार कश्यप उम्र 47 वर्ष एक बाइक में अपनी पत्नी शतरूपा बाई उम्र 42 वर्ष, पुत्र चंद्र प्रकाश कश्यप उम्र 19 वर्ष और 3 साल की नातिन आशा के साथ अपने गांव कोनारगढ से शनिवार 27 अप्रैल को परसदा जा रहे थे। आशा का बर्थडे मानने के लिए सभी परसदा जा रहे थे। दोपहर करीब 12.30 बजे वें अरसमेटा मोड़ के पास पहुंचे ही थे कि अज्ञात ट्रक ने बाइक को जोरदार ठोकर मारी, जिससे बाइक में सवार सभी लोग सड़क के किनारे दूर दूर जा गिरे। वही ट्रक वाहन चालक मौके से वाहन लेकर फरार हो गया, जिसे पुलिस ने बाद में पकड़ लिया है। इधर ट्रक की ठोकर से रामकुमार, चंद्रप्रकाश और आशा की मौके पर ही मौत हो गई। वही शतरूपा बाई गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे उपचार के लिए बिलासपुर सिम्स बिलासपुर भेजा गया। सिम्स में उपचार के दौरान शतरूपा ने भी दम तोड़ दिया। मौके पर पहुंची मुलमुला पुलिस ने मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए पामगढ़ के अस्पताल भेजा। इधर घटना की जानकारी परिजनों को मिलने पर ग्रामीणों के साथ वें घटना स्थल पर पहुंचे। आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने दोपहर 1 बजे घटना स्थल पर चक्का जाम कर दिया। ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए शिवरिनारायण और पामगढ़ पुलिस भी घटना स्थल पर पहुंच गई। इसके बाद आक्रोशित ग्रामीण शाम 6 बजे पुलिस थाना के सामने पहुंच गए। बिलासपुर-शिवरीनारायण मुख्य मार्ग पर बैठकर ग्रामीणों ने आवागमन बाधित कर दिया। पामगढ़ विधायक शेषराज हरवंश भी मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी लेते हुए दोषी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस की टीम ग्रामीणों को घंटों तक समझाइश देती रही। इधर आक्रोशित परिजन और ग्रामीण अपनी मांगों को लेकर डटे रहे। समाचार लिखे जाने तक मौके पर चक्काजाम की स्थिति बनी रही।

# लोकसभा चुनाव : ढाई सौ से अधिक वाहन होंगे अधिग्रहित

## यात्री बसों के अधिग्रहण होने से 4 दिनों तक होगी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



बस में यात्रियों की भीड़।

लोकसभा चुनाव के तहत 7 मई को होने वाले मतदान को लेकर जांजगीर चांपा जिले में ढाई सौ से अधिक वाहनों का अधिग्रहण होगा। ये गाड़ियां 4 मई को खड़ी हो जाएगी। जिन्हें मतदान के बाद छोड़ा जाएगा। इस दौरान यात्री बसों के अधिग्रहण होने से आने जाने वाले की परेशानी और भी बढ़ जाएगी।

लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक अमला पूरी तरह से तैयारी में जुट गया है। मतदान दलों के प्रशिक्षण और मशीनों के रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया के बाद मतदान दलों को लाने ले जाने के लिए वाहनों के अधिग्रहण की तैयारी हो रही है। विभागीय जानकारी के मुताबिक जांजगीर एवं सक्ती जिले के 6 विधानसभा क्षेत्र में पोलिंग पार्टियों को लेकर जाने और वापस लाने के लिए 250 से अधिक गाड़ियों की आवश्यकता हो रही है। इसके लिए विभाग द्वारा बस, पिकअप सहित चारपहिया वाहनों की सूची तैयार की गई है और संबंधित वाहन मालिकों को वाहन अधिग्रहण का नोटिस भेजा जा रहा है। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के तहत मंगलवार 7 मई को जांजगीर लोकसभा क्षेत्र के लिए चुनाव होना है। इसके लिए पोलिंग पार्टियां पहले से रवाना होंगी। जिन्हें ले जाने के लिए अधिग्रहित वाहनों को 4 मई की शाम तक खड़ा करने कहा गया है। अधिग्रहित गाड़ियां 4 मई को मतदान सामग्री वितरण स्थल पर खड़ी हो जाएंगी। इसके बाद मतदान से पहले दिन अपनी पोलिंग पार्टियों को लेकर उन्हें संबंधित मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया जाएगा। जहां 7 मई को मतदान सम्पन्न होने के बाद वापस मतदान दलों को स्ट्रांग रूम में छोड़ा जाएगा। इसके बाद अधिग्रहित गाड़ियां मुक्त हो जाएंगे। इस तरह से चुनाव के लिए लगने वाली गाड़ियां बस, ट्रक, बोलेरो आदि को 4 मई से 7 मई तक अधिग्रहित करने के आदेश दिए गए है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में शादी विवाह के सीजन को लेकर वैसे भी सड़कों पर यात्री बसें पर्याप्त संख्या में नहीं चल रही है। अधिकांश गाड़ियां बारातियों को ले जाने के लिए बुकिंग पर है, तो वहीं आने वाले 4 से 7 मई तक लोकसभा चुनाव के लिए यात्री बसों के अधिग्रहण होने पर राहगीरों की परेशानी और भी बढ़ जाएगी। इस दौरान भी शादी विवाह के मुहूर्त है। ऐसे में विवाह में बुक बसों के अलावा चुनाव में बसों के जाने पर परेशानी और भी बढ़ जाएगी।

### किया गया है अधिग्रहण

लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखकर वाहनों को अधिग्रहित किया गया है यात्रियों को किसी तरह की कोई परेशानी ना हो इसका भी ध्यान रखना आदेशित किया गया है।

**-निशा नेताम,**
सहायक निर्वाचन अधिकारी
जांजगीर चांपा

### सूर्यांश विवाह महामहोत्सव के तहत गौरव विवाह 10 मई को

**जांजगीर-चांपा।** सूर्यांश शिक्षा उत्थान समिति के द्वारा समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों का सूर्यांश कन्या विवाह महामहोत्सव के के तहत सूर्यांश सामूहिक आदर्श गौरव विवाह छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय त्यौहार अक्षय तृतीया (अक्ती) के दिन 10 मई शुक्रवार को आयोजित किया गया है जिसमें विवाह योग्य युवक युवतियों के माता-पिता निर्धारित आवेदन पत्र पर आवेदन कर पंजीयन करा सकते हैं जो पूर्णतः निःशुल्क है। पंजीयन करने की अंतिम तिथि 5 मई निश्चित किया गया है। जिसमें सभी वर्गों के विवाह योग्य युवक-युवतियों का विवाह संपन्न कराया जाएगा। इसी क्रम में इस वर्ष भी अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर आदर्श सामूहिक गौरव विवाह का आयोजन किया गया है। जिसमें 202 परिवारों के वर वधुओं अर्थात 101 जोड़े वर वधुओं को परिणय सूत्र में बंधने का लक्ष्य रखा गया है।

## अफसरों की टीम पहुंची मौके पर, रूकवाई नाबालिग की शादी



परिजनों को समझाइश देने पहुंची अफसरों की टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

महिला एवं बाल विकास विभाग और पुलिस विभाग के संयुक्त प्रयास से बाल विवाह से रोका गया। बाल विवाह संबंधी सूचना प्राप्त होते ही कलेक्टर निर्देशानुसार जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी सूर्यकांत गुप्ता के मार्गदर्शन में, टीम तैयार कर बाराद्वार में बालिका के घर जाकर उसके अंकसूची की जांच की, जहां बालिका की उम्र 15 वर्ष माह 7 होना पाया गया।

विवाह की पूर्ण तैयारी हो चुकी थी। बारात स्वागत की तैयारी के दौरान ही सूचना प्राप्त होने पर तत्काल विभाग के अधिकारी कर्मचारी द्वारा बालिका एवं उसके माता-पिता एवं स्थानीय लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों से अवगत कराया। समझाईस के पश्चात स्थानीय लोगों की उपस्थिति में बालिका के माता-पिता की सहमति से बालिका का विवाह रोका गया है। दल में परियोजना अधिकारी सक्ति परियोजना अधिकारी विभागीय सुपरवाइजर शामिल थे। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत विवाह के लिए लड़की की उम्र 18 वर्ष तथा लड़के की उम्र 21 वर्ष निर्धारित है। विवाह करने वाले माता-पिता, विवाह में टेंट प्रभारी डीजे साउड, धुमाल प्रभारी, भोजन बनाने वाले रसोइया हलवाई, केटरिन प्रभारी, विवाह कराने वाले पंडित के विरुद्ध कार्यवाही की जावेगी। अधिनियम के तहत 2 वर्ष के कठोर सश्रम कारावास तथा 1 लाख के जुर्माने अथवा दोनों से दंडित किया जाने का प्रावधान है।

## कैप्सूल के केबिन में फंसा था चालक, 40 घंटे बाद रेस्क्यू कर निकाली लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद

- बोराई नदीमें डूबे कैप्सूल को नहीं निकल पाई क्रेन

हसौद क्षेत्र के भेड़ीकोना-अमलीडीह के बीच बोराई नदी में गिरे कैप्सूल चालक की लाश 40 घंटे के बाद रेक्स्यू कर निकाली गई। दुर्घटनाकारित कैप्सूल चालक का शव वाहन के कैबिन में ही फंसा हुआ था। वहीं कैप्सूल वाहन अभी भी बोराई नदी में डूबी है। नदी में डूबे कैप्सूल वाहन को बाहर निकालने के लिए बुलाए गए क्रेन कैप्सूल वाहन को नदी से बाहर निकलने में असफल रही। उल्लेखनीय है कि 23 अप्रैल बुधवार की देर रात करीबन 2 बजे हसौद क्षेत्र के भेड़ीकोना-अमलीडीह के बीच बोराई नदी के पुल पर भीषण सड़क हादसा हुआ था। हादसे में अनियंत्रित कैप्सूल वाहन क्र. सीजी 04 पीजी 1008 ने मारुति वैन क्र. सीजी 11 एजे 6925 को अपनी चपेट में ले लिया और अनियंत्रित होकर बोराई नदी के पुल पर बने रेलिंग को तोड़ नदी में गिर गई थी। इस भीषण सड़क हादसे में ओमनी सवार नाबालिग बालक की मौके पर मौत हो गई थी। हादसे के बाद से कैप्सूल चालक कृष्णकांत सिंह बैस का पता नहीं चल पा रहा था। पुलिस कैप्सूल चालक की खोजबीन कर रही थी। अनुमान लगाया जा रहा था कि कैप्सूल चालक वाहन के केबिन में फसकर नदी में डूबा हुआ है इसी आशंका पर पुलिस ने नदी में डुबे कैप्सूल वाहन को नदी से बाहर निकलने कोरबा से क्रेन बुलाया और 27 अप्रैल शनिवार की दोपहर 2 बजे ग्रामीणों को नदी के भीतर उतरा गया। नदी में डूबे कैप्सूल वाहन को क्रेन में फसाकर निकालने की कोशिश की गई लेकिन कैप्सूल वाहन लोड होने के कारण अत्यधिक भारी था जिसकी वजह से नदी से बाहर नहीं निकल पाया। कैप्सूल वाहन के हिलने डुलने से वाहन के केबिन में फंसे कैप्सूल चालक कृष्णकांत सिंह बैस का शव नदी के ऊपर आ गया जिस नदी में उतरे गांव के लोगों ने बाहर निकाला। पुलिस ने कैप्सूल चालक कृष्णकांत सिंह बैस के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया है। कैप्सूल चालक कृष्णकांत सिंह बैस पिता शिव कुमार उम्र 20 वर्ष मध्य प्रदेश के शहडोल जिला के बुड़वा गांव का रहने वाला था जो रायगढ़ से बलौदाबाजार की ओर जा रहा था उसी दरमियान भेड़ीकोना में यह भीषण हादसा हुआ था।



नदी से शव को बाहर निकालता रेक्सयू टीम का जवान।

## सीमांकन के दिन नहीं पहुंची राजस्व विभाग की टीम, ग्रामीण करते रहे इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फगुरम

सक्ती जिले में राजस्व अमला की अनदेखी से कई महीनों से सीमांकन की कार्रवाई लंबित है। मामला तहसील अड़भार अंतर्गत आने वाले ग्राम सपिया का है। सपिया के वार्ड क्र 19 में निवासरत पनिका समाज मोहल्लेवासियों द्वारा रास्ता अवरोध सम्बध में पांच माह पूर्व सक्ति कलेक्टर, एसडीएम मालखरौदा तथा तहसील अड़भार के कार्यलयों में आवेदन दिया गया था परंतु प्रशासन की ओर से अभी तक कोई उचित कार्यवाही नही हुई। आलम यह है कि मोहल्लेवासी नाली निर्माण, सड़क निर्माण व पेयजल पाइपलाइन जैसे बुनियादी सुविधाएं को तरस रहे हैं जिले में कलेक्टर, अनुविभागीय अधिकारी व तहसीलदार बदल गए लेकिन ग्रामीणों की समस्या अभी तक वही हैं। मोहल्लेवासियों द्वारा लगातार सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने के पर प्रशासन हरकत में आया और बीते दिन 27 अप्रेल को सीमांकन के लिए सूचना दी, ग्रामीणों ने बताया सूचना मिलते ही समस्त मोहल्लेवासी काम काज छोड़ कर उपस्थित रहे परंतु पटवारी व आर आई नहीं पहुंचे। फोन लगाने के बाद भी फोन रिसीव तक नहीं किया। वहीं राजस्व विभाग की उदासीनता से ग्रामीणों ने कड़ी नाराजगी जताई है।

## शाम होते ही असामाजिक तत्वों का लग जाता है जमावड़ा

# जिला सहकारी बैंक का भवन उपयोग के बिना ही हो रहा खंडहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय जांजगीर में जिला सहकारी बैंक का भवन बनकर तैयार है लेकिन हैंड ओव्हर की समस्या के चलते भवन का उपयोग नहीं हो पा रहा है। ऐसे में बैंक राशि निकालने पहुंचे खाताधारकों को उठने बैठने एवं पेयजल के लिए परेशानी होती है।

जिला मुख्यालय जांजगीर के भीमा तालाब मार्ग पर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक का संचालन किया जा रहा है। पुराने भवन में उठने बैठने एवं किसानों को पेयजल संबंधित परेशानी उठानी पड़ती है। इस बात को ध्यान में रखकर करीब 6 साल पूर्व लाखों रुपए की लागत से पुराने भवन के बगल में ही नया जिला सहकारी बैंक का भवन बनकर तैयार है, लेकिन हैंड ओवर की समस्या के चलते अब तक इस भवन का उपयोग नहीं हो पाया है। खास बात यह है कि नवनिर्मित भवन में किसानों के बैठने उठने एवं पेयजल संबंधित समस्याओं को ध्यान में रखकर सर्व सुविधा युक्त भवन बनाया गया है, लेकिन हैण्डओव्हर नहीं हो पाने के चलते इस तरह की समस्या किसानों को झेलनी पड़ रही है। जिला सहकारी बैंक जांजगीर में खाताधारक किसानों की संख्या 22 हजार से अधिक है। वही 9 हजार किसानों के पास एटीएम की सुविधा है। जांजगीर स्थित जिला सहकारी बैंक में जांजगीर समेत बलौदा परिक्षेत्र के करीब 50 गांव के किसानों के द्वारा खाता खुलवाया गया है, ताकि बैंक के माध्यम से लेनदेन करने में उन्हें सुविधा मिल सके, लेकिन लेनदेन तो दूर की बात किसानों के उठने बैठने के लिए कुर्सी एवं पीने के पानी की समुचित व्यवस्था आज पर्यंत पुराने भवन में नहीं हो पाई है। ऐसे में राशि आहरण एवं जमा करने पहुंचे किसान जैसे-तैसे आसपास के होटलों में जाकर पानी पीते नजर आते हैं, जबकि देखा जाए तो अन्य राष्ट्रीय कृत बैंकों के अंदर ग्राहकों के पीने के लिए साफ पानी की व्यवस्था प्रबंधक द्वारा की जाती है। जिला सहकारी बैंक जांजगीर में अक्सर राशि जमा करने एवं निकालने वाले किसान बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। इस बीच कई किसान धोखाधड़ी एवं लूट के शिकार भी हो जाते हैं। इस तरह की घटना जिला सहकारी बैंक में कई बार देखने को मिल चुकी है, लेकिन जिम्मेदार बैंक प्रबंधन के अफसर समस्याओं को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहे है।





उपयोग के पहले से ही खंडहर में तब्दील हो रहा जिला सहकारी बैंक का नवीन भवन।

NEET एवं JEE एक जूनून है और GOAL इसकी शुरुआत!

GOAL®
Educational Services Pvt. Ltd.
Nation's Leading Institute

आप NEET STUDENT कहां जा रहे हो, मैनें तो अपना रिजल्ट GOAL से ही बनाया हैं।



" मैं डॉक्टर मनोज चंद्राकर (MBBS-MD, Director of Chandrakar Nursing Home, Bilaspur) जब भिलाई आकर गोल इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर रंजीत सर से मिला था तब तत्कालीन गोल से कोचिंग कर मेरा ऑल इंडिया रैंक 283 आया था और मुझे BJ Medical College, अहमदाबाद में एडमिशन मिला था। आज मैं जब भिलाई आया तो रंजीत सर की याद आई और मैं सर से मिलने गोल इंस्टीट्यूट आ गया। सर मुझे देख कर बहुत खुश हुए और विनम्रतापूर्वक अपने अंदाज में पूछा, 'आप कैसे हैं और आपका हॉस्पिटल सेवा भाव कैसा है? मैंने कहा आज पीडिया में बच्चों का डॉक्टर बन बहुत अच्छा कर रहा हूँ, फिर रंजीत सर ने कहा कि बहुत समय के बाद आए हैं तो गोल के ड्रापर NEET 2024 के Aspirant से मिल लीजिए और उन्हें प्रोत्साहित कीजिए, फिर मैं NEET-2024 Aspirant से मिला और सभी छात्रों को मोटिवेट किया। आज 'गोल' में दी गई सुविधाएं जैसे कि एसी क्लास रुम, लाइब्रेरी, 20 से ज्यादा Best Faculty टीम और हॉस्टल को देखकर बहुत अच्छा लगा। हमारे समय में इतनी व्यवस्था नहीं थी पर तब भी गोल संस्थान मे हमारे बैच में 15 छात्र थे और सभी का गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में चयन हो गया था।"

ADMISSION OPEN

FOUNDATION 11th & 12th for Board, NEET / JEE

DROPPER BATCH NEET / JEE 2025 Registration Open


GOAL FAMILY WISHING YOU All The Best for Your NEET-2024

BHILAI 166, NEW CIVIC CENTRE, PH- 0788-4013502, 7415884100

BHILAI GOAL GENIUS CAMPUS, RISALI, PH- 0788-4040300, 7772060999

BHILAI 139, ZONAL MARKET, SECTOR-10, PH- 9826943595 0788-4064100

RAIPUR BESIDE VIDYA HOSPITAL, SHANKAR NAGAR, PH- 0771-4060711




## दीपक तिजोरी की फिल्म टिप्सी का ट्रेलर हुआ रिलीज

**मुंबई।** दीपक तिजोरी की फिल्म टिप्सी का गुरुवार 25 अप्रैल को ट्रेलर रिलीज हुआ। इस इवेंट को मुंबई में रखा गया, जिसमें निर्देशक महेश भट्ट और पूजा भट्ट भी शामिल हुए। इस फिल्म में दीपक के अलावा अलंकृता सहाय नताशा सूरी कैनात अरोरा नाजिया हुसैन सोनिया बिर्जे हरजिंदर सिंह मनदीप कौर संधू और दानिश भट्ट नजर आ रहे हैं। 2 मिनट 32 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत गोवा जैसे खूबसूरत शहर से होती है। जहां 5 लड़कियों का एक ग्रुप घूमने जाता हैं, लेकिन इन लड़कियों के लिए ये गोवा का ट्रीप आफत बन जाएगा। इसके बारे में नहीं पता था। गर्ल्स का ये ट्रीप उन्हें जेल की हवा खाने पर मजबूर कर देता है। ट्रेलर में दीपक तिजोरी की भी दमदार एंट्री देखने को मिलती है। जोकि एक पुलिस अफसर के किरदार में नजर आ रहे हैं। दीपक के अलावा अलंकृता सहाय, नताशा सूरी, कैनात अरोरा, नाजिया हुसैन, सोनिया बिर्जे, हरजिंदर सिंह, मनदीप कौर संधू और दानिश भट्ट नजर आ रहे हैं।

लाइफ Style

# विद्या बालन

## मामूटी ने निभाया है अद्भुत रोल

बॉलीवुड में कम ही ऐसी एक्ट्रेसेज हुई जिनकी तुलना तीनों खान्स से की जाती हो. विद्या बालन उनमें से एक हैं. विद्या की लेटेस्ट फिल्म 'दो और दो प्यार' इन दिनों थिएटर्स में है. हर बार की तरह इस बार भी उनके काम को देखने वालों ने काफी पसंद किया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

अब विद्या ने कुछ ऐसा कहा है जो शायद बॉलीवुड फैन्स को बहुत पसंद ना आए। विद्या मलयालम सिनेमा की बात कर रही थीं और इसी सिलसिले में उन्होंने मलयालम सुपरस्टार मामूटी की जमकर तारीफ की। मामूटी की बात करते हुए विद्या ने उनके एक लेटेस्ट किरदार का जिक्र किया और कहा कि बॉलीवुड का कोई लीडिंग स्टार वैसा किरदार नहीं निभा सकता। उन्होंने यहां तक कह दिया कि ऐसा होना 'असंभव' है।

विद्या ने मामूटी की फिल्म 'काथलः द कोर' की बात की। इसके लिए विद्या ने केरल की ऑडियंस को भी क्रेडिट दिया। उन्होंने कहा, 'हमें ये मानना पड़ेगा कि केरल में ज्यादा पढ़ी लिखी ऑडियंस है। ये एक बहुत बड़ा अंतर है। वहां के सबसे निचले तबके के आदमी की समझ भी बहुत अलग है। उन्होंने (मामूटी) ने जो किया मैं उसे कम नहीं बता रही, लेकिन वहां ये करना आसान है। ये एक सोसाइटी का रिफ्लेक्शन है।' विद्या ने मामूटी के 'काथलः द कोर' वाले किरदार को स्पेशल कहने की वजह बताते हुए कहा, 'उन्होंने ये नहीं सोचा कि इससे उनकी मर्दानगी पर कोई असर पड़ेगा। वो बहुत सिक्योर एक्टर हैं।' विद्या ने ये भी बताया कि इस रोल के लिए मामूटी को कॉम्प्लीमेंट करने के लिए उन्होंने, उनके बेटे और एक्टर दुलकर सलमान को मैसेज किया था।



हॉलीवुड मसाला



## सिंगर मंडिसा की घर में मिली लाश

**मुंबई।** अमेरिकन आइडल फेम ग्रैमी अवॉर्ड विनर सिंगर मंडिसा लिन हंडले की मौत हो गई है। उनका शव रहस्यमय परिस्थितियों में उनके घर से बरामद हुई है। पुलिस जहां जांच में जुटी है, वहीं परिवार और टीम ने भी एक इमोशनल पोस्ट शेयर किया है। उनके मौत के कारणों का अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। ग्रैमी अवॉर्ड जीत चुकी अमेरिकी सिंगर मंडिसा की 47 साल की उम्र में मौत हो गई है। अमेरिकन आइडल फेम सिंगर की लाश उनके टेनिसी के फ्रैंकलिन स्थित घर में रहस्यमय परिस्थितियों में मिली है।




## 'अमेरिकन ब्यूटी' के डर से मां-बाप ने टीवी में लगा दिया था लॉकर

**मुंबई।** कुछ ऐसी फिल्में बनती हैं, जो दर्शकों के दिलों में हमेशा के लिए छाप छोड़ देती हैं। फिर चाहे वो बॉलीवुड हो, साउथ हो या फिर हॉलीवुड फिल्में क्यों ना हों। आज से ठीक 33 साल पहले एक हॉलीवुड मूवी रिलीज हुई थी, जिसका नाम 'अमेरिकन ब्यूटी' था। ये फिल्म इतनी बोल्ड थी कि लोगों को अपने टीवी में चाइल्ड लॉक तक लगाना पड़ गया था। फिर भी फिल्म ने पांच ऑस्कर अवॉर्ड झटके थे और उस जमाने में फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन किया था। 'अमेरिकन ब्यूटी' फिल्म की कहानी उस जमाने के हिसाब से बहुत ज्यादा बोल्ड थी। एक ऐसे आदमी की कहानी, जो बीवी और बेटी के साथ रहता है, लेकिन बीवी संग उसके रिश्ते ठीक नहीं है, गाली-गलौज होती रहती है और बेटी इस वजह से अपने पैरेंट्स से नफरत करती है और उनसे बात नहीं करती। उस आदमी की जिंदगी में एक दिन तब बहुत बड़ा बदलाव आ जाता है, जब वो बेटी की दोस्त को देखता है। उसे देखकर मन में अश्लील ख्याल आने लगते हैं। फिल्म के कुछ सीन्स तो ऐसे हैं कि जिन्हें देखकर आप अपनी आंखें मूंद लेंगे।



## अगस्त्य नंदा के साथ डेब्यू करेंगी सिमर

**मुंबई।** सिमर ने एक आउटसाइडर की तरह इंडस्ट्री में एंट्री ली है। उनके मामा अक्षय कुमार, बड़े आराम से उन्हें एक बड़े लॉन्च का प्लेटफॉर्म दे सकते थे, लेकिन सिमर ने ऑडिशन देकर अपना डेब्यू प्रोजेक्ट पाया है. उन्होंने फिल्म में अपने ज्यादातर हिस्से के लिए शूट भी कर लिया है। अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा ने कुछ समय पहले ही नेटफ्लिक्स फिल्म 'आर्चीज' से अतिंग डेब्यू किया था, इसके बाद ही उन्हें उनका अगला प्रोजेक्ट भी मिल गया और वो 'अंधाधुन' डायरेक्टर श्रीराम राघवन की फिल्म 'इक्कीस' से बड़ी स्क्रीन पर भी डेब्यू करने जा रहे हैं। अगस्त्य के साथ फिल्म में लीडिंग लेडी कौन होंगी, अभी तक इस बात पर सस्पेंस बना हुआ था। मगर अब ऐसी रिपोर्ट्स आ रही हैं कि 'इक्कीस' में अगस्त्य के साथ लीडिंग लेडी को भी फाइनल कर लिया गया है।




## रिश्तों की अहमियत सिखाता है 'दिल दोस्ती डिलेमा'

**मुंबई।** किशोरवय युवक-युवतियों की अपनी जिंदगी और सोच होती है, जो अक्सर मान्यताओं और परम्पराओं से बगावत करते हुए चलती है। अपने ख्यालों-ख्वाबों में खोई रहने वाली ये पीढ़ी अक्सर रिश्तों की कद्र नहीं करती। जाने-अनजाने कुछ ऐसा कर जाती है कि दिल टूट जाते हैं। अगर ना संभाले तो रिश्ते भी बिखर जाते हैं। इस उम्र की प्राथमिकताएं कुछ और होती हैं, जो जिंदगी देखने का नजरिया भी तय करती हैं। प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हुई सात एपिसोड्स की सीरीज दिल दोस्ती डिलेमा उम्र के इसी नाजुक मोड़ पर रिश्तों की अहमियत समझाने के साथ संदेश देती है। हालांकि, विषय पुराना लगता है, जिससे सीरीज पकड़ खोती नजर आती है। अस्सी के दौर में ऐसे विषय अक्सर फैमिली फिल्मों का हिस्सा बनते थे और दर्शक भावनाओं के सागर में डूबते-उतराते रहते थे।

टीवी मसाला



## अनुज के शो छोड़ने पर निर्माता ने तोड़ी चुप्पी

**मुंबई।** सीरियल अनुपमा में गौरव खन्ना मुख्य रोल निभाते हैं। उनके शो छोड़ने की खबरों से फैंस परेशान हो गए थे. अब शो के निर्माता राजन शाही ने इन खबरों पर रिएक्ट करते हुए बड़ी बात कही है। सोशल मीडिया पर बताया गया था कि गौरव सीरियल को अलविदा कह सकते हैं। फैंस ये जानकर परेशान हो गए थे और सच्चाई जानना चाहते थे। हाल ही में अनुज यानी गौरव ने एक इंटरव्यू में बताया कि वो शो को नहीं छोड़ रहे हैं। अब शो के निर्माता राजन शाही ने इन वायरल खबरों पर रिएक्ट किया है।

अनुपमा अपनी कहानी की वजह से टीआरपी में सबसे आगे रहता है। गौरव खन्ना के शो छोड़ने की खबरें जैसे इंटरनेट पर आई, दर्शकों को इसने हैरान कर दिया। जब शो के निर्माता राजन शाही से गौरव के अनुपमा से बाहर होने की अफवाहों पर पूछताछ की गई, तो उन्होंने इस पर कहा, 'बिल्कुल नहीं'। उन्होंने कहा कि सीरियल में अनुज का किरदार काफी महत्व रखता है। उनके इस बात से तो कंफर्म है कि अनुज शो से बाहर नहीं हो रहे हैं। ये जानकर फैंस को बहुत खुशी होगी।

### अनुपमा का लेटेस्ट एपिसोड

अनुपमा के अपकमिंग एपिसोड में दिखाया जाएगा कि अनु, अनुज के कहने पर उसके घर में शिफ्ट हो जाएगी। अनुज उससे कहेगा कि वो आध्या को नहीं संभाल पा रहा और ऐसे में वो अनुपमा से मदद मांगता है। अनु अपनी बेटी की खातिर अनुज की बात मान लेगी। हालांकि आध्या को ये बात पसंद नहीं आएगी। आध्या जानबूझकर अनुपमा की जिंदगी में नई दिक्कतें पैदा करने लगेगी, ताकि वो सुपरस्टार शेफ छोड़ दें और वापस भारत चली जाए। वो कंपीटीशन के लिए अनुपमा को लेट करवा देगी और अनुज उसकी मदद करेगा। शो में दिखाया जाएगा कि अनुपमा कंपीटीशन के दौरान गिर जाएगी और उसकी मदद के लिए अनुज शेफ बनेगा। वो उसकी ओर से खाना बनाएगा। आध्या और श्रुति ये सब टीवी पर देखकर शॉक्ड हो जाएगी।

## दर्शकों की कमी से कई थिएटरों में ताला लटकने की नौबत

**मुंबई।** मजेदार संयोग ये है कि बीते साल भी मई में ऐसी ही स्थिति थी। हालांकि, तब हॉलीवुड की 'गार्डियंस ऑफ़ द गैलेक्सी', 'फास्ट एक्स' और 'द केरल स्टोरी' ने जान बचा ली थी। 'बॉलीवुड हंगामा' की रिपोर्ट के मुताबिक, दर्शकों की कमी को देखते हुए 800 सीटों वाले मुंबई के गैलेक्सी थिएटर को कुछ दिनों के लिए बंद कर दिया गया है। यह जी 7 मल्टीप्लेक्स का एक हिस्सा है, जिसे मशहूर 'गेयटी-गैलेक्सी' के नाम से भी जाना जाता है।




### आगरा में 30 रुपए में टिकट, पर नहीं आ रहे दर्शक

एक चौंकाने वाला उदाहरण आगरा में 'राजीव सिनेमा' का है। यहां टिकट की कीमतें घटाकर 30 रुपए और 50 रुपए कर दी गई हैं। लेकिन फिर भी बात नहीं बन रही है। बिहार के पूर्णिया में 'रूपवाणी' सिनेमा के मालिक विशेक चौहान कहते हैं, 'बहुत सारे एग्जीबिटर्स फोन कर रहे हैं, पूछ रहे हैं कि क्या हमें दो महीने के लिए सिनेमाघर बंद कर देना चाहिए?'

### 'क्या करते हम, कोई फिल्म नहीं चल रही'

इस बारे में 'जी7 मल्टीप्लेक्स' और 'मराठा मंदिर' सिनेमा के कार्यकारी निदेशक मनोज देसाई कहते हैं, 'क्या करते हम? कोई फिल्म नहीं चल रही हैं। दोनों ही फिल्में बुरी तरह पिट गईं। झटका लग गया हमें।'

### जल्द बंद हो जाएंगे थिएटर

रिपोर्ट में कहा गया है कि कुछ और थिएटर-मल्टीप्लेक्स अगले एक महीने के लिए बंद रहने की तैयारी में हैं। हालांकि, मल्टीप्लेक्स को पूरी तरह बंद नहीं किया जाएगा, बल्कि कुछ स्क्रीन्स बंद किए जाएंगे। एक सूत्र के हवाले से रिपोर्ट में आगे लिखा गया है, 'शुरुआत में अधिकतर सिनेमाघरों ने टिकट की कीमतों में कटौती की। लेकिन फिर भी दर्शकों ने रुचि नहीं दिखाई।

## ऑस्कर कांड के बाद विल स्मिथ की 'बैड बॉयज़' के चौथे पार्ट का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** हॉलीवुड की पॉप्युलर फ्रेंचाइजी फिल्म 'बैड बॉयज़' के चौथे पार्ट का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ऑस्कर थप्पड़ कांड के बाद इस फिल्म के साथ हॉलीवुड स्टार विल स्मिथ सिल्वर स्क्रीन पर कमबैक करने जा रहे हैं। फिल्म में धुआंधार एक्शन और डरावने फाइट सीन के साथ-साथ बीच-बीच में कॉमेडी भी है। हॉलीवुड की करीब 29 साल पुरानी फ्रेंचाइजी फिल्म 'बैड बॉयज़' के चौथी सीरीज का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस कॉप एक्शन कॉमेडी ड्रामा फिल्म में विल स्मिथ और मार्टिन लॉरेंस जासूस की भूमिका में दिख रहे हैं। बता दें कि ऑस्कर सेरिमनी 2022 अवाइर्स में होस्ट क्रिस रॉक को थप्पड़ मारने की वजह से चर्चा में रहे विल स्मिथ की उस घटना के बाद ये पहली फिल्म रिलीज होने जा रही है।



### 'बैड बॉयज 4' की कुछ ऐसी दिख रही कहानी

*फिल्म की कहानी मियामी के एक पूर्व कैप्टन कॉनरैड हावर्ड की है, जिसके बारे में पता लगता है कि वो ड्रग बनाने वाली कंपनी के साथ कई साल से काम कर रहा है। विल को लग रहा है कि कैप्टर हावर्ड को फ्रेम किया जा रहा है। दरअसल इसके पीछे पूरा गैंग है और इसके खिलाफ 'बैड बॉयज' यानी विल और मार्टिन लॉरेंस मैदान में उतरते हैं जिन्हें न केवल अपने देश को बचाना है बल्कि दुश्मनों को तबाह भी करना है। ये फिल्म 7 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही। दो साल बाद स्क्रीन पर कमबैक कर रहे विल स्मिथ इस ट्रेलर में धुआंधार एक्शन की बौछार करते दिख रहे हैं। इस फ्रेंचाइजी के दीवाने फैन्स खुशी से झूम उठे हैं।*

## हेमा की हिट फिल्म पर बी. आर. चोपड़ा ने बनाया था टीवी शो

### ड्रीम गर्ल ने निभाया लीड रोल

हिंदी सिनेमा की ड्रीम गर्ल हेमा मालिनी ने फिल्मी पर्दे पर तो अपने अभिनय का जलवा बिखेरा ही, लेकिन इसके अलावा उन्होंने टेलीविजन की दुनिया में भी एक समय पर तहलका मचाया है। इंडिया की ड्रीम गर्ल ने अपनी ही फिल्म सीता और गीता से इंस्पायर टीवी शो में साल 2004 में काम किया था जिसे महाभारत के मेकर बी. आर. चोपड़ा ने ही बनाया था।

एजेंसी ⏭ मुंबई

हेमा मालिनी आज के समय में भले ही फिल्मों में कम नजर आती हैं, लेकिन अब भी वह फैंस की 'ड्रीम गर्ल' ही हैं। राज कपूर की फिल्म 'सपनों का सौदागर', जॉनी मेरा नाम, लाल पत्थर और अंदाज और शोले जैसी कई यादगार फिल्में हिंदी सिनेमा को देने वाली हेमा मालिनी के करियर के में टर्निंग प्वाइंट तब आया, जब उन्होंने साल 1972 में फिल्म 'सीता और गीता' में दोहरी भूमिका निभाई।

फिल्म के निर्देशन की कमान रमेश सिप्पी ने संभाली, तो वही पटकथा सलीम और जावेद ने दी। हेमा मालिनी की सीता और गीता दो ऐसी बहनों की कहानी है, जो बचपन में ही बिछड़ जाती हैं। दोनों का स्वभाव एक-दूसरे से बिल्कुल विपरीत होता है। जहां दुष्ट चाची सीधी सादी सीता का जीना दुश्वार करके रखती हैं, तो वहीं गीता से पंगा लिया, तो वह अपनी खैर मनाता है। सीता और गीता की कहानी तब और दिलचस्प हो जाती है, जब दोनों ही अपनी जगह बदल लेती हैं और गीता-सीता के घर पहुंच जाती है। साल 1972 की ये फिल्म आज भी लोगों को याद है। हेमा मालिनी की ये फिल्म लोगों इतनी ज्यादा पसंद आई थी कि साल 1989 में इसी से ही मिलती-जुलती कहानी वाली फिल्म 'चालबाज' भी रिलीज हुई थी।

उस समय पर हेमा मालिनी की फिल्म 'सीता और गीता' की लोकप्रियता से 'महाभारत' के निर्देशक बी.आर. चोपड़ा इतने ज्यादा इम्प्रेस हो गए थे कि उन्होंने इस पर एक पूरा टीवी शो बना दिया था, जिसमें किसी और ने नहीं, बल्कि 'ड्रीम गर्ल' ने ही मुख्य भूमिका निभाई थी। हेमा मालिनी शो में कामिनी और दामिनी बनी थीं। कामिनी जहां तेज तर्राट सी थी, तो वहीं दामिनी 'सीता' की तरह ही एकदम शांत थी।



*बी.आर. चोपड़ा ने टीवी पर बनाई थी सीता-गीता : महाभारत जैसे यादगार शोज देने वाले बी आर चोपड़ा ने साल 2004 में एक सीरियल बनाया, जिसका टाइटल था 'कामिनी-दामिनी'। ये शो सहारा वन पर ऑनएयर होता था। इस डेली सोप ने सहारा वन पर श्रीदेवी के शो 'मालिनी अय्यर' को रिप्लेस किया था। खास बात ये थी कि इस शो में भी बी. आर. चोपड़ा ने 'सीता और गीता' एक्ट्रेस हेमा मालिनी को ही मुख्य भूमिका निभाई थी। ये पूरा शो सीता और गीता मूवी पर ही बेस्ड था।*

## सालों बाद फिर साथ दिखेंगे इंस्पेक्टर दया और अभिजीत



*मुंबई। सीआईडी फैन्स के लिए एक गुड न्यूज सामने आई है।आपके फेवरेट अभिजीत यानी आदित्य श्रीवास्तव और दया मतलब दयानंद शेट्टी एक बार फिर टीवी पर लौट रहे हैं। वो भी एक साथ. चलिये फिर देरी कैसी जल्दी पूरी बात जान लेते हैं। कई टेलीविजन सीरियल्स ऐसे हैं, जिन्होंने सालों तक दर्शकों का मनोरंजन किया है। यही वजह है जब सालों तक चलने वाले शोज अचानक बंद होते हैं, तो फैन्स के दिलों को काफी दुख पहुंचता है। ऐसे ही पॉपुलर शोज में सीआईडी का नाम भी शुमार है। इस शो ने तीन दशक तक टीआरपी लिस्ट पर राज किया। दर्शकों ने शो के किरदारों को भी खूब पसंद किया। इंस्पेक्टर दया, सीनियर इंस्पेक्टर अभिजीत और एसीपी प्रद्युमन जैसे कई किरदार हैं, जिन्हें आज भी लोगों का प्यार मिल रहा है। अब सीआईडी फैन्स के लिए एक गुड न्यूज सामने आई है। आपके फेवरेट अभिजीत यानी आदित्य श्रीवास्तव और दया मतलब दयानंद शेट्टी एक बार फिर टीवी पर लौट रहे हैं।*

## खबर संक्षेप



### राजनैतिक दलों की उपस्थिति में ईवीएम का किया गया एफएलसी

**कोरबा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर आज जिला प्रशासन द्वारा खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई एवं जशपुर जिलों से लाए गए ईवीएम का फर्स्ट लेवल चेकिंग राजनैतिक दलों की उपस्थिति में की गई। झगरहा स्थित आईटी कॉलेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम में ईवीएम मशीन की जांच ईसीआईएल के इंजीनियर द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपजिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सीमा पात्रे, अन्य अधिकारी कर्मचारी सहित राजनैतिक दलों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### व्यय प्रेक्षक द्वारा अभ्यर्थियों का किया गया लेखा-मिलान



**कोरबा।** कोरबा लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत चुनाव मैदान में शामिल अभ्यर्थियों का लेखा-मिलान व्यय प्रेक्षक श्री मुकेश कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया गया। व्यय प्रेक्षक श्री कुमार ने लेखा टीम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्वाचन से जुड़े खर्च का विवरण निर्धारित प्रारूप में अंकित किया जाए। शेडो रजिस्टर के माध्यम से अभ्यर्थियों व प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खर्च का मिलान निर्धारित तिथि के अनुसार सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर मनोज कुमार बंजारे, कोषालय अधिकारी पीआर सहित सहायक व्यय लेखा टीम के अधिकारी उपस्थित थे।

### साइबर सुरक्षा उपायों को लेकर हुई बैठक

**कोरबा।** एसईसीएल निदेशक तकनीकी (संचालन) एसएन कापरी की अध्यक्षता में साइबर सुरक्षा उपायों को लेकर कोल इंडिया मुख्यालय एवं सभी अनुषंगी कंपनियों के सिस्टम एवं ईएंडटी महाप्रबंधकों की समनवय बैठक एसईसीएल मुख्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार एवं आईटी सेल कोयला मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी साइबर सुरक्षा कार्यान्वयन दिशानिर्देशों पर चर्चा की गई। निदेशक तक. (संचा.) ने इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार एवं आईटी सेल कोयला मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अनिवार्य किए गए विभिन्न साइबर सुरक्षा उपायों को अपनाकर कंपनी के डेटा की सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने सिस्टम और ईएंडटी विभागों के प्रयासों की सराहना की और सीआईएल और उसकी सहायक कंपनियों में डेटा सुरक्षा और साइबर सुरक्षा कार्यान्वयन के लिए एक समान एसओपी तैयार करने की सलाह दी। बैठक के दौरान प्रत्येक अनुषंगी कंपनी ने पहले से मौजूद साइबर सुरक्षा उपायों का एक सिंहावलोकन प्रदान किया और इस क्षेत्र में अपनी भविष्य की रणनीतियों की रूपरेखा के बारे में बताया।

### अग्नि सुरक्षा सुनिश्चित करें, राष्ट्र निर्माण में योगदान करें : सचदेव

**कोरबा।** डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह पूर्व में अग्निशमन सप्ताह का समापन 22 अप्रैल को कार्यपालक निदेशक (उत्पा.), डा. हेमंत सचदेव के मुख्य आतिथ्य, अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजेश्वरी रावत के अध्यक्षता एवं अतिरिक्त मुख्य अभियंता अंजना कुजुर तथा संजीव कंसल, एल.एन. सूर्यवंशी एवं वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ मालती जोशी के गरिमामय आतिथ्य में सपन्न हुआ। इस अवसर पर डा सचदेव ने कहा कि सुरक्षित कार्यस्थल के साथ हम सभी अधिकारी कर्मचारी को एक सुरक्षित कल को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध होना है। साथ ही असुरक्षित कार्यो के रोकथाम के लिए हमारे लिए जागरूकता बहुत ही महत्वपूर्ण है तब जाकर हम दुर्घटना के शुन्य लक्ष्य को प्राप्त करेंगें। उपस्थित अतिरिक्त मुख्य अभियंताओ एवं वरि. मुख्य रसायनज्ञ ने भी अग्नि सुरक्षा के प्रति अपने-अपने वक्तव्य रखे। अग्निशमन संबधित प्रश्नोत्तरी संरक्षा अधिकारी सुमन सोमानी के द्वारा किया गया। संरक्षा नारा प्रतियोगिता विषय अग्नि सुरक्षा सुनिश्चित कर राष्ट्र निर्माण में सहभागिता में अधिकारी मे प्रथम अमित फुटाने, द्वितीय स्मृति राठौर, तृतीय अयेन्द्र सिंह तोमर कर्मचारी वर्ग प्रथम चित्रेश हनोतिया द्वितीय घनश्याम साहू तृतीय प्रमोद कुमार राठौर प्रशिक्षु वर्ग प्रथम रंजिता बंजारे, द्वितीय पदमावती गेंदले, तृतीय सावित्री जटवार ठेका श्रमिक वर्ग में प्रथम राजेन्द्र साहू, द्वितीय विजय राठौर तृतीय महिपाल कैवर्त एवं कविता लेखन विषय अग्नि सुरक्षा सुनिश्चित कर राष्ट्र निर्माण में सहभागिता रही।

## चैतमा चौकी क्षेत्र का मामला, तहकीकात में जुटी पुलिस

# महिला की गला दबाकर हत्या, जंगल में लाश को लगाया ठिकाने



मृत महिला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 38 वर्ष की विवाहिता की गला दबाकर हत्यारे ने लाश को जंगल में ठिकाने लगा दिया था। जब सुबह लोगों की नजर लाश पर पड़ी तो उनके होश उड़ गए और पुलिस को इसकी सूचना दी गई। लाश मिलने की सूचना पर फॉरेंसिक एक्सपर्ट अधिकारी कर्मचारियों की टीम मौके पर पहुंची। जहां प्रथम दृष्टया मामले को हत्या से जोड़कर देखा गया है। जहां पुलिस की जांच में जुटी टीम ने महिला की शिनाख्त एसईसीएल कर्मी की पत्नी के रूप में की गई है। फिलहाल पुलिस विभिन्न पहलुओं को लेकर मामले की जांच में जुटी हुई है।

जानकारी के अनुसार चैतमा चौकी क्षेत्र अंतर्गत आने वाले भंवर तालाब के घुनघुट्टीपारा के समीप एक 38 वर्षीय महिला की गुरुवार की सुबह लाश पड़ी हुई मिली थी। लाश मिलने की सूचना पर चैतमा चौकी पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी। साथ ही सीन ऑफ क्राइम के अधिकारी वैज्ञानिक अधिकारी डॉ सत्यजीत कोसरिया की टीम भी मौके पर पहुंची थी। जहां पुलिस के अधिकारियों द्वारा मामले की गहराई से जांच की गई जहां पाया गया कि प्रथम दृष्टया मामले में महिला की गला दबाकर हत्या कर लाश को ठिकाने लगाया गया है। इस बीच बांकीमोगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत शांतिनगर निवासी एसईसीएल कर्मी भोजराम रात्रे ने चैतमा चौकी पहुंचकर मृत महिला की शिनाख्त अपनी पत्नी शकुंतला रात्रे के रूप में की है। पुलिस के मुताबिक शकुंतला रात्रे बुधवार की शाम 4 बजे घर से अस्पताल जाने के नाम पर निकली थी जो देर शाम तक वापस नहीं लौटी। इसके उपरांत देर रात को जब भोजराम अपने ड्यूटी से घर पहुंचा तब उसके बच्चों ने शकुंतला के गायब होने की जानकारी उसको दी और रिश्तेदारों में खोजबीन की गई लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला जिसके बाद गुरुवार की सुबह सोशल मीडिया में उसकी लाश की खबर वायरल होने पर भोजराम ने घटनास्थल पहुंचकर शकुंतला रात्रे की पहचान की है। फिलहाल पुलिस मामले की गंभीरता से तहकीकात में जुटी हुई है और शकुंतला की हत्या किसने और क्यों की है यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा लेकिन मामला हत्या से ही जुड़ा हुआ है।

**जल्द सुलझा लेगी पुलिस मामले को**

पुलिस के सूत्र बताते हैं कि शकुंतला रात्रे की हत्या के मामले में पुलिस को कुछ अहम सुराग हाथ लगे हैं और प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग से जोड़कर देखा जा रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की बारीकी से जांच में जुटी हुई है और उनके परिजनों का बयान कलमबद्ध की है। जिसके आधार पर पुलिस जांच में जुटी है। संभावना जताई जा रही है कि शनिवार तक पुलिस इस अंधेकत्ल की गुत्थी को सुलझा लेगी और हत्या किसने और क्यों किया है पूरी तरह से स्पष्ट हो जाएगा।

**वर्ष 2005 में हुई थी शादी**

जानकारी के अनुसार भोजराम रात्रे बांकीमोंगरा शांतिनगर का रहने वाला है। जो एसईसीएल कर्मचारी है और भोजराम रात्रे की शादी जिला जांजगीर चांपा के ग्राम किरीत निवासी शकुंतला रात्रे से वर्ष 2005 में हुई थी और भोजराम के तीन बच्चे भी हैं जिनकी उम्र 18 साल, 16 साल और 13 साल है। शकुंतला की मौत हो जाने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## नशे में धुत पति ने की पत्नी की हत्या, फरार पति गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



आरोपी

शराब के नशे में धुत्त पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई और देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया की मदहोश पति ने घर में रखे तवे से अपनी पत्नी के कनपटी पर हमला कर दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई और हत्या की वारदात को अंजाम देकर पति फरार हो गया था। हत्या के 20 दिन बाद आरोपी पति को पुलिस ने एमपी से गिरफ्तार किया है।

**खास बात**

- पसान थाना क्षेत्र में ग्राम गोलबहरा में हुई थी वारदात

मामला पसान थाना क्षेत्र के ग्राम गोलबहरा की है। यहां निवासरत कन्हैया यादव और उसकी 45 वर्षीय पत्नी फूल कुंवर यादव के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों एक दूसरे के साथ हाथापाई करने लगे। हाथापाई के दौरान पति कन्हैया यादव ने घर में रखे तवे से अपनी पत्नी फूल कुंवर के कनपटी पर सीधा हमला कर दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मौत होते ही मौके से कन्हैया यादव फरार हो गया था। मामले में पसान पुलिस ने आरोपी पति कन्हैया यादव के खिलाफ धारा 302 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर पुलिस उसकी सरगर्मी से खोजबीन में जुटी हुई थी। इस बीच मुखबीर से सूचना मिलने पर एमपी के बिजूरी गांव में दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

### प्रेक्षक ने किया संवेदनशील मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

**कोरबा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिले के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक प्रेम सिंह मीणा ने शुक्रवार को लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत कोरबा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर मतदान केंद्रों की सुविधाओं एवं आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। प्रेक्षक श्री मीणा ने कोरबा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भाग संख्या 141 निर्मला इंग्लिश स्कूल कोसाबाड़ी कोरबा कक्ष क्रमांक 1, भाग संख्या 142 निर्मला इंग्लिश स्कूल कोसाबाड़ी कोरबा कक्ष क्रमांक 2, भाग संख्या 177 स्वामी आत्मानंद गवर्मेंट स्कूल ऑफ एक्सीलेंस (इंग्लिश मीडियम) पंपहाउस कोरबा कक्ष क्रमांक 1, भाग संख्या 178 स्वामी आत्मानंद गवर्मेंट स्कूल ऑफ एक्सीलेंस (इंग्लिश मीडियम) पंपहाउस कोरबा कक्ष क्रमांक 2, भाग संख्या 179 स्वामी आत्मानंद गवर्मेंट स्कूल ऑफ एक्सीलेंस (इंग्लिश मीडियम) पंपहाउस कोरबा, भाग संख्या 180 स्वामी आत्मानंद गवर्मेंट स्कूल ऑफ एक्सीलेंस (इंग्लिश मीडियम) पंपहाउस कोरबा, भाग संख्या 188 शासकीय प्राथमिक शाला भवन तुलसीनगर कक्ष क्रमांक 1, भाग संख्या 213 सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीतामणी कक्ष क्रमांक 02 का अवलोकन किया। इसी तरह प्रेक्षक द्वारा तहसील दर्री अंतर्गत जेलगांव, अयोध्यापुरी, जमनीपाली, बल्गीखार सहित अन्य मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया।

## श्रीराम कथा सुनने पहुंचीं सरोज



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लोकसभा क्षेत्र की कोयलांचल नगरी चिरमिरी में शुक्रवार को बागेश्वर धाम प्रमुख पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री श्रीराम एवं हनुमंत कथा वाचन करने पहुंचे। चिरमिरी शहर में पहली बार पहुंचे बागेश्वर धाम प्रमुख धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री को सुनने के लिए हजारों की भीड़ उमड़ी। यहां लोकसभा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडे भी कथास्थल पहुंचीं और धीरेन्द्र महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। कथास्थल पर बनाए गए पंडाल में सुबह 9 बजे से ही लोग बैठे नजर आए। बागेश्वर धाम प्रमुख श्री शास्त्री ने श्रीराम कथा एवं हनुमंत कथा के दौरान सनातन धर्म को मजबूती प्रदान करने का आह्वान भी किया। पंडित शास्त्री ने अपने चिर-परचित अंदाज में श्रीराम कथा के साथ हनुमंत कथा सुनाई। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा,स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक रेणुका सिंह,भैया लाल राजवाड़े, प्रणव मरपच्ची, पूर्व विधायक चंपा देवी पावले, कृष्ण बिहारी जायसवाल, अनिल केसरवानी सहित अन्य उपस्थित थे।

**खास बात**

- बागेश्वरधाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री से लिया आशीर्वाद

**विकसित कोरबा के लिए भाजपा को वोट जरूरीः लखन**

वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने रिसदी, झगरहा में आयोजित नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कहा की लोकसभा का यह पहला ऐसा चुनाव है जब कांग्रेस जीत का दावा नहीं कर पा रही है। दरअसल कांग्रेस को भी मालूम है कि इस बार कांग्रेस देश भर में दहाई का आंकड़ा भी छू नहीं पाएगी। आज कांग्रेस नेताओं में भाजपा प्रवेश के लिए होड़ सी मची हुई है।

## बस ने छात्र को मारी टक्कर, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक छात्र एक्टिवा में सवार होकर अपने घर से कम्प्यूटर क्लास के लिए निहारिका जा रहा था कि इसी बीच एक तेज रफ्तार बस के चालक ने एक्टिवा को अपनी चपेट में ले लिया जिससे एक्टिवा सवार छात्र की मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने दुर्घटना को अंजाम देने वाले बस चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है और बस को जप्त कर लिया है।



मृतक

मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र की है। यहां एमपी नगर में निवास करने वाले मनोज पांडे का 18 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार पांडे सुबह लगभग 10:30 बजे अपने एक्टिवा क्रमांक सीजी 12 के 8066 में सवार होकर अपने घर से निहारिका स्थित कंप्यूटर क्लास जा रहा था कि रवि डेयरी के समीप पहुंचा था कि बिलासपुर की ओर से रजगामार जा रही बस क्रमांक सीजी 10 बीआर 6620 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए एक्टिवा सवार अंकित पांडे को अपनी चपेट में ले लिया जिससे अंकित पांडे की मौके पर ही मौत हो गई लेकिन आनन-फानन में उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। मामले में सिविल लाइन पुलिस ने बस चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध। कर बस को जप्त कर लिया है। ज्ञात रहे कि एक दिन पहले ही मोरगा चौकी क्षेत्र में एक तेज रफ्तार बोलेरो के चालक ने मोपेड को अपनी चपेट में ले लिया था जिससे मोपेड में सवार दो लोगों की मौत हो गई थी।

### अनुष्का ने जेईई मेंस में हासिल किया 98.43 प्रतिशत अंक

**कोरबा।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई मेंस के सेशन-2 का परिणाम घोषित हुआ है, जिसमें नगर पंचायत पाली की होनहार छात्रा कु.अनुष्का जायसवाल ने पहले ही प्रयास मे जेईई मेंस की परीक्षा मे 98.43 प्रतिशत अंक अर्जित कर इतिहास रचते हुए पाली नगर और परिवार को गौरवान्वित किया है।

## अब तपती धूप में ट्रैफिक जवान चश्मा, पानी बोतल के साथ आएंगे नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



किट प्रदान करते एसपी सिद्धार्थ तिवारी।

शहर के प्रमुख चौराहा में 42 डिग्री के तापमान में खड़े होकर ट्रैफिक व्यवस्था को बनाए रखने में सबसे अहम भूमिका निभाने वाले जिले के ट्रैफिक पुलिस के जवानों की होती है। 42 डिग्री तापमान होने के बाद भी वे खड़े होकर अपनी ड्यूटी को निभाते हैं। धूप में उन्हें किसी तरह की परेशानी ना हो इसके लिए पुलिस अधीक्षक ने पहल की है और जिले के ट्रैफिक जवानों को धूप से निपटने के लिए उन्हें छाता व चश्मा व डिहाइड्रेशन के शिकार ना हो इसके लिए बकायदा मिल्टन का एक बोतल दिया।

उल्लेखनीय है कि शहर सड़कों पर लोग आसानी से सुगम यातायात मिल सके इसके लिए शहर के प्रमुख चौक चौराहों में ट्रैफिक पुलिस के जवानों को तैनात किया जाता है। जो बरसात हो या ठंड या फिर गर्मी किसी भी मौसम में हमेशा चौक चौराहों में डटकर खड़े रहते हैं और लोगों को सुगम यातायात मुहैया कराते हैं लेकिन इस अप्रैल के महीने में जहां पारा 42 डिग्री के पार जा पहुंचा है। ऐसे तापमान में खड़े होकर ड्यूटी करना किसी चुनौती से कम नहीं है। समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किया था जिसे लेकर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने ट्रैफिक में पदस्थ पुलिस के जवानों को इस भीषण गर्मी में कैसे राहत पहुंचा जा सकती है इस दिशा पर पहल की और शुक्रवार को एसपी ऑफिस के समीप पर स्थित यातायात थाने में पुलिस अधीक्षक श्री तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूबीएस चौहान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कटघोरा नेहा वर्मा स्वयं थाना पहुंचे और वहां मौजूद सभी ट्रैफिक के अधिकारी कर्मचारियों की क्लास लगाई।

## तोड़फोड़ करने वाले युवक के खिलाफ अपराध दर्ज

**कोरबा।** एसईसीएल कुसमुंडा खदान में घुसे एक ग्रामीण ने ठेका कर्मियों पर पत्थर फेंके और टिपर वाहन में तोड़फोड़ की। वाहन का सामने व साइड का शीशा क्षतिग्रस्त कर दिया। प्राइवेट कंपनी के मैनेजर ने कुसमुंडा थाना में शिकायत दर्ज कराया है, जिसमें निजी कंपनी को लाखों की क्षति होना बताया है। पुलिस ने मामले में ग्रामीण के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। एसईसीएल कुसमुंडा खदान में नीलकंठ इंफ्रा माइनिंग लिमिटेड कंपनी को कोयले की परत के ऊपर से मिट्टी हटाने का काम ठेके पर दे रखा है। पुलिस ने बताया कि कुसमुंडा थाना में प्राइवेट कंपनी के मानव संसाधन प्रमुख मुकेश सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि विगत दिनों खदान में घुसकर रिस्दी निवासी ईश्वर पाल ने ओबी फेस पर काम कर रहे नीलकंठ कंपनी के कर्मचारियों पर पत्थर फेंके और उनके साथ गाली गलौच की। इसके बाद खड़ी टिपर वाहन का शीशा भी तोड़ दिया। पुलिस ने शिकायत की जांच के बाद ईश्वर पाल के विरूद्ध धारा 427, 294, 506 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

**खास बात**

- कुसमुण्डा थाना क्षेत्र का मामला खदान में हुई थी घटना









## खबर संक्षेप

### अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के प्रांतीय इकाई की बैठक आज

**चांपा।** छत्तीसगढ़ के झुंझुनूधाम श्री नारायणी धाम दादी मंदिर में अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन (संगठन) प्रदेश इकाई की बैठक रविवार 28 अप्रैल को सुबह 10 बजे से आयोजित है। इस एक दिवसीय प्रादेशिक बैठक विभिन्न सत्रों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक होगी, जिसमें विभिन्न कार्यसूची शामिल की गयी है। छग प्रांतीय अग्रवाल संगठन के प्रदेश महामंत्री मनोज अग्रवाल ने संबंधितों से बैठक में अनिवार्य रुप से शामिल होने का अनुरोध किया है।

### माइक्रोऑब्जर्वर को उनकी भूमिका एवं कार्यों की दी गई जानकारी

**जांजगीर-चांपा।** सामान्य प्रेक्षक सौरभ स्वामी एवं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा की उपस्थिति में कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन के लिए नियुक्त माइक्रोआब्जर्वर को प्रशिक्षण दिया गया। सामान्य प्रेक्षक ने कहा कि मतदान दिवस मतदान केन्द्र की सभी गतिविधियों की मॉनिटरिंग करने के लिए माइक्रोआब्जर्वर की नियुक्ति की जाती है। मतदान केन्द्र की सभी गतिविधियों की जानकारी निर्धारित समय पर देना महत्वपूर्ण कार्य है, इसका विशेष ध्यान रखना है। मॉकपोल महत्वपूर्ण है, इसमें भी समय का विशेष ध्यान रखते हुए कार्य करें। प्रशिक्षण में माइक्रोऑब्जर्वर की भूमिका से संबंधित सभी दायित्वों को अच्छे से समझें। निर्धारित फार्मेट में रिपोर्टिंग करना आवश्यक है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदान केन्द्रों में मतदान की संपूर्ण प्रक्रिया के सुचारू संचालन के लिए माइक्रोआब्जर्वर की अहम भूमिका होती है। उन्हें मतदान केन्द्र में निर्वाचन के संबंध में सभी गतिविधियों से अवगत होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र पर मॉकपोल की कार्यवाही मतदान दलों के द्वारा की जाती है इस दौरान माइक्रोऑब्जर्वर की उपस्थिति अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया बाधित नहीं होना चाहिए। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल सूचित करें। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एस पी वैद्य सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### बस व पिकअप में भिंड़त पिकअप चालक की मौत



**रायगढ़।** बीती रात खरसिया थाना क्षेत्र के बोराई नाले के पास यात्री बस और पिकअप भिड़ गई। पिकअप के सामने भाग के परखच्चे उड़ते ही चालक की दर्दनाक मौत हो गई तो उसके चालक की हालत गंभीर है।सहायक उपनिरीक्षक हेमंत कश्यप ने बताया कि खरसिया से लगभग 10 किलोमीटर दूर ग्राम बरगढ़ के बोराई नाले के पास 26 और 27 अप्रैल की रात 1 से 2 बजे के बीच बस तथा पिकअप क्रमांक सीजी 13 एएच 0224 में आमने सामने भिड़ंत हो गई। हादसा इतना जबर्दस्त था कि बस से टकराते ही पिकअप का सामने हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया जिसमें उसका चालक फंस गया। आधी रात को हुई इस दुर्घटना में क्षतिग्रस्त पिकअप के चालक की जान चली गई। साथ ही उसका साथी बुरी तरह से गंभीर हो गया। जिसके बाद अलसुबह इस सड़क दुर्घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके का जायजा लिया। वहीं, पिकअप के मृतक चालक के शव को 8और उसके अधमरे साथी को खरसिया के सिविल हॉस्पिटल ले जाया गया है।

## निधन

### परमानंद शर्मा



**चांपा।** स्थानीय मारवाड़ी ब्राम्हण समाज के प्रतिष्ठित नागरिक स्व. चंदगीराम शर्मा के कनिष्ठ सुपुत्र शिव नगर निवासी परमानंद शर्मा का शुक्रवार 26 अप्रैल को निवास पर असामयिक निधन हो गया। वे 49 वर्ष के थे। स्व. परमानंद शर्मा अपने पीछे पत्नी समेत एक पुत्र एवं एक पुत्री का परिवार छोड़ गये है। उनका अंतिम संस्कार शनिवार 27 अप्रैल को पूर्वान्ह 10 बजे हसदेव नदी के पश्चिमी तट पर ग्राम लछनपुर स्थित मारवाड़ी मुक्तिधाम में किया गया, जहां बड़ी संख्या में परिजन, सजातीय बंधुओं समेत गणमान्य नागरिक मौजूद थे। उनकी अंतिम यात्रा सुबह 9 बजे शिव नगर स्थित निवास से निकली।

## डाक मतपत्र दल के लिए नियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण

# 85 से अधिक उम्र के मतदाता व दिव्यांगों को घर पहुंचकर कराया जाएगा मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



प्रशिक्षण के दौरान जानकारी देते अधिकारी।

जिला पंचायत के सभाकक्ष में डाक मतपत्र दल के लिए नियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को डाक मतपत्र की सभी प्रक्रिया का बारिकी से प्रशिक्षण दिया गया। वहीं डाक मतपत्र के दौरान भरने वाले सभी दस्तावेज एवं फार्म को भरने का अभ्यास भी कराया गया। साथ ही 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाता और दिव्यांगजनों को घर पहुंचकर मतदान कराने जानकारी दी गई।

संयुक्त कलेक्टर ज्ञानेन्द्र ठाकुर ने डाक मतपत्र के लिए प्रशिक्षण ले रहे अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि डाक मतपत्र के लिए आयोग द्वारा जारी सभी दिशा निर्देशों का गंभीरता से समझे। प्रशिक्षण में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ममता यादव, उप संचालक योजना एवं सांख्यिकी श्रीमती पायल पांडेय सहित डाक मतपत्र के लिए चयनित कर्मचारी उपस्थित थे। प्रशिक्षण में डाक मतपत्र की सभी प्रक्रिया का बारिकी से प्रशिक्षण दिया और प्रशिक्षण के दौरान डाक मतपत्र के दौरान भरने वाले सभी दस्तावेज एवं फार्म को भरने का अभ्यास भी कराया गया। प्रशिक्षण संयुक्त कलेक्टर श्री ठाकुर ने बताया 1 मई को डाक मतपत्र के माध्यम से 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाता और दिव्यांगजनों को घर पहुंचकर मतदान का कार्य संपादित कराया जाना है। डाक मतपत्र संपादित के दौरान राजनितिक दलों के अधिकृत प्रतिनिधि, बीएलओ, ग्राम सचिव उपस्थित रहेंगे। समस्त प्रक्रिया की विडियोंग्राफी भी कराई जाएगी। लोकसभा सामान्य निवाचन-2024 निर्वाचन कर्तव्य पर तैनात सभी कर्मचारियों, अधिकारिया एवं अनुपस्थित-अनिवार्य सेवा के निर्वाचक के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने हेतु सुविधा केन्द्र स्थापित किया गया है। सुरक्षा बल, कोटवार एवं अन्य जिले के अधिकारी, कर्मचारी के लिए 29 अप्रैल से 3 मई प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक नवीन ऑडिटोरियम भवन जिला पंचायत के बाजू में जांजगीर, जिले के मतदान कर्मी 29 अप्रैल से 30 अप्रैल तक प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय क्रमांक 01 जांजगीर, अनिवार्य सेवा के मतदाता कर्मचारियों पोस्टल वोटिंग सेंटर, रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय जांजगीर में 01 मई से 3 मई तक प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक एवं जिले के छुटे हुए अन्य मतदाता 04 मई से 06 मई तक प्रातः 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक पोस्टल वोटिंग सेंटर, रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय जांजगीर में डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कर सकते हैं।

### 29 अप्रैल से डाक मतपत्र से किया जा सकता है मतदान

**सक्ती।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो द्वारा लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत निर्वाचन कर्तव्य पर तैनात सभी अधिकारियों कर्मचारियों, अनिवार्य सेवा श्रेणी के मतदाताओं तथा अनुपस्थित मतदाताओं के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने के लिए सुविधा केन्द्र स्थापित करने का आदेश दिया गया है। सुविधा केंद्रों के माध्यम से मतदान दल में नियुक्त अधिकारियों कर्मचारियों के लिए डाक मतपत्र द्वारा मतदान के लिए 29 अप्रैल से 1 मई 2024 तक की तिथि निर्धारित की गई है। साथ ही पुलिस कर्मी, होमगार्ड, वन विभाग, सुरक्षा कर्मी, ड्राइवर, एफ एस टी, एस एस टी, अनुपस्थित मतदाताओं, अनिवार्य सेवा मतदाताओ एवं अन्य के लिए 29 अप्रैल, 30 अप्रैल, 01 मई, 04 मई और 05 मई की तिथि निर्धारित की गई है। डाक मतपत्र से मतदान के लिए समय सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। जारी आदेश के तहत मतदान दलों में नियुक्त अधिकारियों कर्मचारियों के लिए कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सक्ती, कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डभरा और कार्यालय तहसीलदार जैजैपुर में सुविधा केंद्र स्थापित किये जायेंगे।



घर-घर जाकर मतदाता पर्ची का वितरण करते अधिकारी।

## अधिकारियों ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

- जिला पंचायत सीईओ, अपर कलेक्टर ने घर-घर जाकर बांटी मतदाता पहचान पर्ची

जिले में मतदाता जागरूकता को लेकर सतत अभियान चलाए जा रहे हैं। इस दौरान शनिवार 27 अप्रैल को अधिकारियों ने घर-घर जाकर मतदाताओं को 7 मई को वोट डालने का निमंत्रण दिया और मतदाता पर्ची का वितरण किया।

इसके साथ ही जिला पंचायत सीईओ गोकुल कुमार रावटे, अपर कलेक्टर श्रीमती लवीना पांडे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निशा नेताम मडावी, एसडीएम चांपा नीरनिधि नंदेहा सहित अधिकारियों ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ के द्वारा बलौदा विकासखण्ड में मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही मतदाता पहचान पर्ची का वितरण कर मतदान हेतु लोगो को प्रोत्साहित भी किया गया। अपर कलेक्टर श्रीमती लवीना पांडेय ने अकलतरा विधानसभा के अंतर्गत आने पकरिया झूलन, झलमला आदि मतदान केंद्र में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके अलावा उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निशा नेताम मडावी द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओ को पर्ची का वितरण किया गया। मतदाता मुद्रिका प्रसाद यादव, मायावती यादव, सुशिलाबाई एवं साधिनबाई व अन्य को मतदाता पर्ची का वितरित कर मतदान हेतु आमंत्रित किया गया। साथ ही मतदान केंद्र खोखरा का निरीक्षण कर आवश्यक मूलभूत व्यवस्था सुनिश्चित करने निर्देश दिए।

## बास्केटबॉल संघ की नई कार्यकारिणी घोषित राजेश अध्यक्ष व विवेक बने सचिव





**जांजगीर-चांपा।** जिला बास्केट बॉल संघ जांजगीर चांपा की वार्षिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला बास्केटबॉल संघ के पूर्व खिलाड़ी, नवीन खिलाड़ी एवं पदाधिकारी उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत में जिला बास्केटबॉल संघ के पूर्व अध्यक्ष स्व .विनोद नेमी को श्रद्धांजलि अर्पित कर बास्केटबॉल को पुनः सुचारू रूप से चलाने हेतु बैठक कर नवीन कार्यकारिणी अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष का निर्णय लिया गया और संघ की गतिविधियों को फिर से बढ़ाने के लिए यह फैसला लिया गया, जिसमें अधिवक्ता राजेश पाण्डेय को अध्यक्ष एवं पार्षद विवेक सिंह को सचिव बनाया गया। वार्षिक बैठक में और कई निर्णय लिए गए जिसमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष /कार्यकारी अध्यक्ष राजीव सिंह बैंस, मुकेश बजाज को कोषाध्यक्ष ,सहकोषाध्यक्ष शुभांगी सिंह, उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह, राजकुमारी सिंह,अशोक साहू,डॉ. आशुतोष मिश्रा, डॉ.आदित्य केशरवानी, विजेन्द्र सिंह, सुशील साहू को उपाध्याय बनाया गया है। संयुक्त सचिव स्नेहा थवाईत , मुकेश सिंह,चंदन यादव,डिंपी बैंस ,सहसचिव अमितेश राठौर , सम्राट राठौर ,प्रत्यूष नेमी, संदीप सिंह,पूजा कश्यप,को बनाया गया। बास्केटबॉल संघ के कार्यकारिणी सदस्य के रूप में भैरव मिश्रा,आशीष यादव, प्रतीक सिंह, बसंत राठौर, रवीश यादव, अतुल सोनी, केशव कारके, रश्मि सिंह राणा, रश्मि गोड़, स्वीटी बैंस ,स्नेह लता कुजूर , मनीषा लकड़ा , गौरव अमित सिंह को बनाया गया। अंत में जिला बास्केटबॉल संघ के पूर्व सचिव संस्कार द्विवेदी में नवीन पदाधिकारी को बधाई देते हुए बास्केटबॉल संघ को फिर से नई बुलंदियों पर ले जाने की बात कही। मंच संचालन राष्ट्रीय खिलाड़ी राजेश राठौर द्वारा किया गया एवं नवीन पदाधिकारी को बधाई दी गई।

## शुभम - रूपम, कोमल व सुरेश बिखेरेंगे श्याम भजनों की छटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा



गायक शुभम – रूपम, कोमल तिवारी व सुरेश राजस्थानी

- श्याम बाबा सेवा समिति के तत्वाधान में मनेगा श्याम मंदिर का तेरहवां वार्षिकोत्सव

स्थानीय श्री श्याम बाबा सेवा समिति के तत्वाधान में स्थानीय मोदी चौक एनीकट मार्ग स्थित खाटू वाले श्याम प्रभु के मंदिर का तेरहवां वार्षिकोत्सव आगामी 9 मई को धूमधाम से श्रद्धापूर्वक मनाया जाएगा। समिति द्वारा इसके लिए देश के सुप्रसिद्ध श्याम भजन गायक कोलकाता के शुभम-रूपम सहित कानपुर निवासी कोमल तिवारी एवं रायपुर के सुरेश राजस्थानी को श्याम भजन गायन के लिए आमंत्रित किया गया है जिनकी सहमति भी प्राप्त हो गयी है।

यह जानकारी देते हुए श्याम बाबा सेवा समिति के संरक्षकगण रामनारायण मोदी, सुनील अग्रवाल, अध्यक्ष योगेश अग्रवाल, सचिव अंकित मोदी तथा कोषाध्यक्ष किशोर मोदी ने बताया कि श्याम मंदिर चांपा का तेरहवां वार्षिकोत्सव आगामी 9 मई को प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी धूमधाम से श्रद्धापूर्वक मनाये जाने का निर्णय लिया है। दो दिवसीय वार्षिकोत्सव के तहत प्रथम दिन 8 मई को सायं 5 बजे स्टेशन रोड स्थित ओम सिटी परिसर से श्याम मंदिर तक श्याम भक्तों द्वारा भव्य एवं विशाल निशान यात्रा निकाली जाएगी। वार्षिकोत्सव के द्वितीय एवं अंतिम दिन सुबह से श्याम मंदिर में पूजा-अर्चना के अलावा अन्य धार्मिक अनुष्ठान होंगे। इस दिन सायं 7 बजे से डिडवानिया कॉम्पलेक्स के पीछे स्थित कुश वाटिका में भव्य श्याम दरबार के साथ छप्पन भोग एवं श्याम भंडारा सहित देश के सुप्रसिद्ध श्याम भजन गायक जोड़ी कोलकाता के शुभम-रूपम, कानपुर की कोमल तिवारी के अलावा रायपुर के सुरेश राजस्थानी द्वारा एक से बढ़कर एक श्याम भजनों की शानदार प्रस्तुति से समां बांधा जाएगा। श्याम मंदिर के तेरहवें वार्षिकोत्सव को धूमधाम से सफल बनाने के लिए समिति के सदस्यों एवं पदाधिकारियों सहित श्याम सखी मंडल, श्याम युवा मंडल के सदस्यों के अलावा नगर के श्याम भक्त जोर-शोर से जुटे हुए है।

## ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीनों का हुआ द्वितीय रेंडमाइजेशन




**जांजगीर-चांपा।** समान्य प्रेक्षक सौरभ स्वामी, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा की उपस्थिति में कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में ईव्हीएम, वीवीपैट मशीनों के द्वितीय लेवल रेंडमाजेशन किया गया। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 3 जांजगीर-चांपा (अ.जा.) में आने वाले विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 33-अकलतरा, 34-जांजगीर-चांपा, 35-सक्ती, 36-चन्द्रपुर, 37 -जैजैपुर, 38-पामगढ़, 43- बिलाईगढ़ तथा 44-कसडोल में उपयोग होने वाले ईव्हीएम, वीवीपैट मशीनों का द्वितीय लेवल रेंडमाजेशन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल कुमार रावटे, अपर कलेक्टर श्रीमती लवीना पांडेय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निशा नेताम मड़ावी सहित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## परमेश्वरी पब्लिक स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत



छात्रा को सर्टिफिकेट प्रदान करते शिक्षक।

**सक्ती।** परमेश्वरी देवी शिक्षण समिति द्वारा संचालित परमेश्वरी पब्लिक स्कूल में 25 अप्रैल को कक्षा नर्सरी से 1ली एवं 27 अप्रैल को कक्षा 2री से 9वीं परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें सभी छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने माता-पिता को गौरवान्वित किया।

संस्था में सत्र 2023-24 का वार्षिक परीक्षा घोषित किया गया, जिसमें कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान आने वाले छात्र-छात्राओं को समिति सचिव कृष्ण कुमार देवांगन एवं संस्था प्रमुख एम विकास देवांगन द्वारा सर्टिफिकेट दे कर सम्मानित किया गया। प्री-प्रायमरी में कक्षा नर्सरी में प्रथम स्थान नुषांत देवांगन, दूसरा स्थान सोमिल साहू तथा तीसरा स्थान श्रेया देवांगन ने प्राप्त किया। कक्षा के जी 1 में प्रथम स्थान आराध्या कसेर एवं दीक्षा बरेठ, दूसरा स्थान योगिता देवांगन एवं मान्या देवांगन तथा तीसरा स्थान टिशा देवांगन ने प्राप्त किया। कक्षा के जी 2 में प्रथम स्थान मिनेश यादव, दूसरा स्थान तेजल यादव एवं शिवानी बरेठ तथा तीसरा स्थान काव्या पटेल ने प्राप्त किया। वहीं प्रायमरी में कक्षा पहली में प्रथम स्थान देवांश चौबे, दूसरा स्थान आरोन बघेल तथा तीसरा स्थान मेधांश सिंह सिदार ने प्राप्त किया। कक्षा दूसरी में प्रथम स्थान इलिना तारक, दूसरा स्थान नमन देवांगन तथा तीसरा स्थान सूर्या यादव ने प्राप्त किया। कक्षा तीसरी प्रथम स्थान सौम्या सिदार, दूसरा स्थान ख्याति पटेल तथा तीसरा स्थान कविता केवट ने प्राप्त किया। कक्षा चौथी में प्रथम स्थान कविता देवांगन, दूसरा स्थान साक्षी गवेल तथा तीसरा स्थान राम देवांगन ने प्राप्त किया। उसी प्रकार कक्षा पांचवी में प्रथम स्थान मान्यता देवांगन, दूसरा स्थान समर सिदार एवं सोनल देवांगन दूसरे तथा तीसरा स्थान दिव्यानि देवांगन ने प्राप्त किया। मिडिल स्कूल कक्षा छठवीं में प्रथम स्थान सृष्टि चन्द्रा, दूसरा स्थान संजना गवेल एवं तीसरा स्थान चेतना देवांगन ने प्राप्त किया। कक्षा सातवीं में प्रथम स्थान जागृति साहू, दूसरा स्थान सुनैना जायसवाल तथा तीसरा स्थान मोनिका धीरहे ने प्राप्त किया। कक्षा आठवीं में प्रथम स्थान साक्षी देवांगन, दूसरा स्थान संजय देवांगन तथा तीसरा स्थान अंकिता यादव ने प्राप्त किया। हाई में कक्षा नवमी में प्रथम स्थान परी भूपाल, दूसरा स्थान ऊबी देवांगन तथा तीसरा स्थान मेघला फडीकर ने प्राप्त किया। संस्था प्रमुख ने सभी छात्र-छात्राओं को उत्कृष्ट परिणाम के लिए शुभकामनाएं दी तथा उन्हें भविष्य में इससे अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। समिति सचिव कृष्ण कुमार देवांगन ने संस्था के सभी छात्र-छात्राओं को वार्षिक परीक्षा परिणाम में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## जैजैपुर विधायक बालेश्वर को पितृ शोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा-बम्हनीडीह



जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक बालेश्वर साहू के पिता तेरस राम साहू का शनिवार 27 अप्रैल को सुबह 9 बजे तहसील मार्ग स्थित निवास पर असामयिक निधन हो गया। वे 78 वर्ष के थे। स्व. साहू अपने पीछे चार पुत्रों एवं एक पुत्री का भरा-पूरा परिवार छोड़ गये है। उनका अंतिम संस्कार दोपहर 3 बजे गृह ग्राम सरवानी (चोरिया) में किया गया जहां बड़ी संख्या में परिजन, सजातीय बंधुओं समेत गणमान्य नागरिक एवं क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता तथा ग्रामवासी मौजूद थे। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, छ.ग. विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत के अलावा अनेक कांग्रेस नेताओं ने जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू के पिता तेरसराम साहू के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए अपनी संवेदना व्यक्त कर ईश्वर से मृतात्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है।

# श्रीमद् भागवत कथा ईश्वर का साकार रूप : पं. शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

- सातवें दिन व्यास आचार्य ने भगवान के माधुर्य भाव को किया व्यक्त




संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराते पंडित राधेश्याम शास्त्री एवं कथा श्रवण करते श्रद्धालु।

अकलतरा विकासखंड के ग्राम पंचायत परसदा के यादव निवास में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिवस कथावाचक पंडित राधेश्याम शास्त्री (पुटपुरा वाले ) ने कहा कि भगवान के माधुर्य भाव को अभिव्यक्ति करने वाला, उनके दिव्य माधुर्य रस का आस्वादन कराने वाला सर्वोत्कृष्ट ग्रंथ श्रीमद् भागवत ही है।

पं. शास्त्री ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा ईश्वर का साकार रूप है। श्रीमद् भागवत कथा श्रवण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट होकर प्राणी मात्र का लौकिक व आध्यात्मिक विकास होता है। जहां अन्य युगों में धर्म लाभ एवं मोक्ष प्राप्ति के लिए कड़े प्रयास करने पड़ते हैं। कलियुग में कथा सुनने मात्र से व्यक्ति भवसागर से पार हो जाता है। सोया हुआ ज्ञान वैराग्य कथा श्रवण से जागृत हो जाता है। कथा कल्पवृक्ष के समान है, जिससे सभी इच्छाओं की पूर्ति की जा सकती है।

श्रीमद् भागवत ज्ञान का दीप है। भागवत कथा सुनने से धर्म एवं ज्ञान का मार्ग प्रशस्त होता है और मानव जीवन के पाप-दोषों का निवारण करता है, जिस प्रकार गंगा सभी को बगैर भेद भाव के मोक्ष देती है, उसी प्रकार भागवत महापुराण भी सभी के श्रवण करने का कल्याणकारी उपाय है। भागवत पुराण धर्म ग्रंथों का महासमुद्र है जिसमें सज्ञान का अमृतरूपी अथाह ज्ञान भरा हुआ है। यही ज्ञान हमें हमारे पापों से दूर करके मोक्ष के मार्ग की ओर ले जाएगा। उन्होंने ने कहा- कथाओं की पिटारी है भागवत यह ब्रह्म-गायित्री है। ये वेदों का सार है। भागवत कथा ज्ञान का वह भण्डार है, जिसके वचन और सुनने से वातावरण में शुद्धता आती है। भागवत कथा का अमृतपान करने से मनुष्य की आत्मा व मन पवित्र होते हैं। भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं को जानकर सुख की अनुभूति होती है। कथा की सार्थकता तब ही सिद्ध होती है। जब हम इसे अपने जीवन व्यवहार में धारण करें। मन के शुद्धिकरण के साथ संशय दूर होता है और शान्ति व मुक्ति मिलती है। कथा श्रवण करने आयोजक परिवार के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

